जीवन में धर्म का प्रभाव बना रहे : आचार्य महाश्रमण

पाली, (नि.सं.): आचार्यश्री भिक्षु जन्म त्रिशताब्दी वर्ष के अंतर्गत जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के आद्य अनुशास्ता, महामना आचार्य भिक्षु व तेरापंथ धर्मसंघ की व्युत्पत्ति से संबंधित समस्त महनीय स्थलों व नगरों की यात्रा करते-करते जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के ग्यारहवें अधिशास्ता, अखण्ड परिव्राजक, युगप्रधान आचार्य महाश्रमण सोमवार को अपनी धवल सेना के साथ महामना आचार्य भिक्षु की जन्मभूमि कंटालिया में पधारे तो पूरा कंटालिया गांव ही मानों अपने आराध्य की अभिवंदना में उमड़ आया। युगप्रधान आचार्य ने अपने आराध्य गुरुवर की भूमि पर 'आचार्यश्री भिक्षु जन्म त्रिशताब्दी वर्ष' के महाचरण के आयोजन के साथ-साथ तेरह रात्रि का प्रवास भी निर्धारित कर रखा है। ऐसे में देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालुओं के कारण पूरे गांव में मानों किसी त्योहार से माहौल बना हुआ था।

आचार्य महाश्रमण अपनी धवल सेना के साथ सोमवार को प्रात:काल की मंगल बेला में माण्डा से गतिमान हुए। माण्डावासियों ने मानवता के मसीहा आचार्य महाश्रमण के श्रीचरणों में अपने कृतज्ञ भाव अर्पित किए। कंटालिया प्रवास के लिए दूर क्षेत्रों में रहने वाले श्रद्धालु भी अपने गांव में अपने आराध्य की आगमन के संदर्भ में अपने पैतृक गांव में उपस्थित होकर सोत्साह उपस्थित थे। उत्साही श्रद्धालु तो मार्ग में ही पहुंच कर अपने आराध्य श्रीचरणों का अनुगमन करने लगे। कंटालिया गांव में प्रवेश से पहले ही सैंकड़ों-सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालु अपने आराध्य के स्वागत में उत्सुकतापूर्वक उपस्थित थे। जैसे ही महातपस्वी आचार्यश्री महाश्रमण कंटालिया के निकट पहुंचे तो उपस्थित जनमेदिनी ने बुलंद जयघोष से अपने आराध्य का भव्य अभिनंदन किया। विशाल स्वागत जुलूस के साथ युगप्रधान आचार्य महाश्रमण जन-जन पर आशीषवृष्टि करते हुए कंटालिया में स्थित सर्वप्रथम तेरापंथ धर्मसंघ के प्रथम अनुशास्ता आचार्यश्री भिक्षु की जन्मस्थली में पधारे। तदुपरान्त आचार्यश्री निकटस्थ ही स्थित निर्धारित प्रवास स्थल में पधार गए।

रावले के स्थान में बने भव्य एवं विशाल भिक्षु समवसरण में उपस्थित आस्थावान जनसमुदाय को महातपस्वी आचार्यश्री महाश्रमणजी ने पावन प्रतिबोध प्रदान करते हुए कहा कि मंगल के संदर्भ में शास्त्र में बताया गया है कि धर्म उत्कृष्ट मंगल है। एक सामान्य, एक जघन्य और एक उत्कृष्ट स्थिति होती है। इसलिए धर्म को सिर्फ मंगल ही नहीं, उत्कृष्ट मंगल कहा गया है। मानव जीवन में धर्म का बहुत ऊंचा स्थान है। इसके आगे धन, तन, जनता की बात छोटी होती है और धर्म सर्वाधिक ऊंचा होता है। धन भी यही रह जाने वाला है और यह तन भी यही छूट जाने वाला है, किन्तु धर्म आगे भी साथ जाने वाला होता है। धर्म की कमाई आगे भी साथ जाने वाली होती है। चारित्र आगे साथ नहीं जाता, लेकिन आत्मा की निर्मलता की स्थिति बनी रह सकती है। अहिंसा, संयम और तप को धर्म कहा गया है। जीवन में और उस व्यक्ति में आत्मा में धर्म का वास है, इसलिए धर्म को उत्कृष्ट मंगल कहा जाता है। जीवन में अहिंसा, संयम और तप का भाव है तो जीवन में धर्म का प्रभाव रह सकता है। जिसका मन धर्म में रमा रहता है, उसे देवता भी नमस्कार करते हैं। आज हम आचार्य भिक्षु की जन्मस्थली कंटालिया गांव में आए हैं। जो शिशु बहुत बड़ा महापुरुष बन जाता है तो उसके जन्मस्थान का गौरव भी बढ़ जाता है। अभी आचार्यश्री भिक्षु जन्म त्रिशताब्दी वर्ष चल रहा है। मध्य मंगल के रूप में हम महामना आचार्य भिक्षु जन्मस्थान कंटालिया में आए हैं। क्षेत्र का भी मानों भाग्योदय होता है। ऐसे माता-पिता भी धन्य हो जाते हैं, जिनका पुत्र एक विशेष स्थान प्राप्त कर लेता है। कंटालिया को आचार्यश्री भिक्षु की जन्मस्थली होने का गौरव प्राप्त है। उनकी माता दीपांजी ने सिंह का स्वप्न देखा। उन्होंने एक विख्यात पुत्र को जन्म दिया। यहां के लोगों ने उस गौरव को बनाए रखने का भी अच्छा प्रयास किया।

आचार्य ने आचार्य भिक्षु की अभिवंदना में 'भिक्षु म्हारै प्रकट्यया जी भरत खेतर में' गीत का आंशिक संगान करते हुए कहा कि कंटालिया इस समय भिक्षुमय बना हुआ है। यहां महाचरण का आयोजन हैं। यहां के लोगों में खूब धर्म की भावना बनी रहे।

आचार्य के स्वागत में आचार्य भिक्षु जन्मस्थली कंटालिया के अध्यक्ष गौतम एम. सेठिया, संयोजक गौतम जे. सेठिया, गणपत डागा व कंटालिया के ठाकुर नरपत सिंह ने अपनी भावाभिव्यक्ति दी। तेरापंथ महिला मण्डल-कंटालिया ने स्वागत गीत का संगान किया। अखिल तेरापंथ युवक परिषद की ओर अनंत बागरेचा ने 'ऊँ भिक्षु, जय तुलसी' के जप क्रम की सूचना देते हुए आचार्य से पांच बोल सुनाने का आग्रह किया तो आचार्य ने कुछ समय तक उक्त मंत्र के जप का प्रयोग भी कराया।

युवक पर हमला

जोधपुर, (कासं)। जिला पश्चिम में प्रतापनगर सदर थाना क्षेत्र में रविवार की रात को लाला लाजपत रॉय कॉलोनी में एक साथ दो घटनाएं हुईं। एक में घरेलु सामान लेने जा रहे युवक पर चाकू से हमला किया गया तो दूसरी में आपसी विवाद में कुछ युवकों ने घर के बाहर खड़ी कार को निशाना बनाते हुए जबरदस्त तोडक़र उत्पात मचाया। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को डिटेन किया है। जिनसे पूछताछ जारी है।

प्रतापनगर सदर थाने के सबइंस्पेक्टर देवाराम ने बताया कि सरगरा कॉलोनी चौपासनी रोड निवासी विजय पुत्र रमेशचंद्र सरगरा ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह रविवार की देर शाम साढ़े सात बजे अपने घर से बाइक पर सामान लेने एलएल कॉलोनी की तरफ जा रहा था। तब वहीं के रहने वाले रमन उर्फ शुभम मेघवाल और उसके चार पांच साथियों ने रास्ता रोका और रूपए देने से इंकार किए जाने पर मारपीट की और चाकू से हमला किया। एसआई देवाराम ने बताया कि पीड़ित विजय का मेडिकल कराया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। दूसरी घटना में एलएल कॉलोनी में सुनील मेघवाल के घर के बाहर उसकी कार खड़ी थी। तब संजय परिहार अपने कुछ साथियों संग आया और कार पर हथियारों से हमला करते हुए तोडफ़ोड़ की।

बेटे को बलात्कार मामले में झूठा फंसाया, पिता की गुहार

जोधपुर, (कासं)। कुड़ी भगतासनी थाने में गत दिनों बलात्कार का मामला दर्ज कराने वाली महिला के खिलाफ आरोपी युवक के पिता ने ब्लैकमेलिंग कर ढाई लाख रुपए ऐंठने और 16 लाख रुपए और देने का दबाव डालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने परस्पर विरोधी मामला दर्ज किया है। गौरतलब है कि बयान दर्ज करवाने के दौरान पीड़िता के अधिवक्ता और तत्कालीन थानाधिकारी हमीरसिंह के बीच तकरार हो गई थी तथा थानाधिकारी ने अधिवक्ता से अभद्रता की थी।

सहायक पुलिस आयुक्त (बोरानाडा) आनंदसिंह राजपुरोहित ने बताया कि एक व्यक्ति ने कोर्ट में पेश इस्तगासे के आधार पर युवती और एक युवक के खिलाफ डराने-धमकाने तथा फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेलिंग करने का मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि करीब एक साल पहले परिवादी की जान-पहचान युवती से हुई थी। दोनों में दोस्ती हो गई और वे साथ घूमने-फिरने लगे। बाद में दोनों एक-दूसरे से प्रेम करने लगे। वे ओसियां, माउंट आबू, अहमदाबाद, जसोल और बालोतरा भी साथ गए थे। इस बीच युवती परिवादी के पुत्र को आपत्तिजनक फोटो और वीडियो के जरिए ब्लैकमेल करने लगी और उससे रुपए मांगने लगी। दबाव में आकर युवक एक बार घर से जेवर चुराने लगा, जिसे उसके पिता ने पकड़ लिया। पूछताछ करने पर युवक ने युवती की ओर से ब्लैकमेल करने की जानकारी दी। युवती उससे तीन लाख रुपए मांग रही थी। युवक के विनती करने पर पिता ने 50 हजार रुपए दिए थे। परिवादी ने युवक की अन्य युवती से शादी तय कर दी। परिजन शादी की तैयारियों में जुटे थे। इसी दौरान युवक के मामा के मोबाइल पर अनजान व्यक्ति का फोन आया, जिसमें युवती के कुड़ी भगतासनी थाने में बलात्कार का मामला दर्ज कराने की जानकारी दी गई।

परिजन कुड़ी भगतासनी थाने पहुंचे और मामला दर्ज न कराने की विनती की। युवती के भाई ने युवक को गिरफ्तार कराने की धमकी दी। डरे-सहमे परिजनों ने शादी से चार दिन पहले बैंक से दो लाख रुपए निकालकर युवती को दिए, लेकिन वह 16 लाख रुपए लेने पर अड़ गई। परिवादी ने मकान गिरवी रखकर रुपए देने का भरोसा दिलाया। तब दोनों ने शादी के बाद शेष राशि लेने और शादी तक कोई दिक्कत न होने का भरोसा दिया। युवक की शादी के तीसरे दिन युवती के साथी ने फोन कर फिर से ब्लैकमेलिंग शुरू कर दी और गिरफ्तारी कराने की धमकियां देने लगा।

पीड़ित का आरोप है कि युवती के साथी ने युवक के घरवालों पर जल्द राशि देने का दबाव डाला और युवती के बयान दर्ज कराने की धमकी दी। आरोप है कि तीन दिसंबर को एक युवक पीड़ित के मकान पहुंचा और परिजनों को धमकाया कि उसे युवती के वकील ने भेजा है तथा आखिरी चेतावनी दी। दो दिन बाद फिर धमकियां दी जाने लगी। पीड़ित ने बताया कि उसके पुत्र को बलात्कार के मामले में झूठा फंसाया गया है। धमकियों और ब्लैकमेलिंग से परिवार आहत हो चुका है और उसने परिवार सहित आत्महत्या करने की धमकी दी है।

जैसलमेर में कोहरे के कारण स्कूल बस व बोलेरो कैंपर की भिड़ंत

जैसलमेर, (निसं)। जैसलमेर जिले में सोमवार सुबह घने कोहरे के कारण स्कूल बस और बोलेरो कैम्पर में टक्कर हो गई।

हादसा सुबह सदर थाना इलाके के जोधा गांव के पास तालाब के पास हुआ। इस हादसे में एसएम स्कूल के तीन बच्चों समेत 12 लोग घायल हो गए। टक्कर के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से घायल हुए 5 लोगों को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए तुरंत जोधपुर रेफर किया गया है।

हादसे की जानकारी पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे के कारणों की पड़ताल शुरू की। बोलेरो सवार शादी समारोह से लौट रहे थे वहीं स्कूल बस स्कूल जा रही थी, उसी दौरान घने कोहरे के कारण आपस में भिड़ंत हो गई।

सदर थाना प्रभारी प्रेमदान रतनू, के अनुसार, यह हादसा सोमवार सुबह के समय उस वक्त हुआ जब पूरे क्षेत्र में घना कोहरा छाया हुआ था और दृश्यता बेहद कम थी। बोलेरो कैम्पर, जो जोधा गांव से खुहड़ी गांव की ओर जा रही थी। बोलेरो में सवार लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे। वहीं सामने से आ रही एसएम पब्लिक स्कूल की बस से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।

हादसे के तुरंत बाद, मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने घायलों को निजी गाड़ियों की मदद से तुरंत जैसलमेर स्थित जवाहिर हॉस्पिटल पहुंचाया। जवाहिर हॉस्पिटल पहुंचते ही डॉक्टरों की टीम ने घायलों का इलाज शुरू कर दिया। घायलों में से 5 की हालत गंभीर देखते हुए, उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज लिए जोधपुर रेफर कर दिया गया। गनीमत यह रही कि समय पर हॉस्पिटल पहुंचने से सभी घायलों की जान बचाई जा सकी।

हादसे में घायल हुए लोगों में बोलेरो कैम्पर में सवार दुर्गा कंवर (50) निवासी खुहड़ी, 6 वर्षीय पूनम, भवानी कंवर (23), 10 वर्षीय सांग सिंह, 12 वर्षीय मालम कंवर, बिशन सिंह (20), 7 वर्षीय दक्षा, 12 वर्षीय अरुणा और चंदू कंवर (19) शामिल हैं। इसके अलावा, स्कूल बस में सवार तीन स्कूली बच्चे 15 वर्षीय यशपाल सिंह, 10 वर्षीय उपेंद्र सिंह और 13 वर्षीय ज्ञानवर्धन सिंह भी हादसे में घायल हुए हैं।

भदवासिया न्यू सब्जी मंडी में सब्जी विक्रेता पर हमला

जोधपुर, (कासं)। शहर के भदवासिया स्थित न्यू सब्जी मंडी में रविवार की सुबह एक सब्जी विक्रेता पर जानलेवा हमला करने वाले दूसरे दिन सोमवार को भी पुलिस की पकड़ में नहीं आए। सब्जी विक्रेता को मंडी परिसर में दौड़ा-दौड़ा कर लगिया और लोहे के पाइपों से हमला किया गया। घायल के भाई की तरफ से महामंदिर थाने में हत्या प्रयास की रिपोर्ट दी गई है। हमलावरों की तलाश जारी है।

इधर घटना से क्षुब्ध व्यापारियों ने सोमवार सुबह मंडी खुलने के साथ ही विरोध प्रदर्शन कर अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। यहां पर एक कियोस्क के बाहर लगे अवैध टीन शेड को हटाया गया। बताया जाता है कि टीन शेड के नीचे असामाजिक तत्वों का भी जमावड़ा रहता था। मंडी परिसर में व्यापारियों के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए वहां आरएसी को भी बुलाया गया। घटना को लेकर सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हुए हैं। घायल के भाई न्यू सब्जी मंडी भदवासिया निवासी ताराचंद पुत्र भंवरलाल माली ने रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि उसका भाई त्रिलोक चंद रविवार की सुबह साढ़े 11 बजे में मंडी में सब्जी बेच रहा था। तब थबूकड़ा निवासी अशोक चौधरी और आरटीओ के पास रहने वाला प्रकाश फौजी अपने साथियों को लेकर आया। जान से मारने की नीयत से त्रिलोक पर लोहे के लगिया, सरिया, पाइप से हमला कर दिया, जिससे उनके सिर में चोट आई।

रिपोर्ट के अनुसार बुरी तरह की गई, मारपीट में त्रिलोक का एक पैर फ्रेक्चर होने के साथ सिर पर भी गहरी चोट लगी। त्रिलोक चंद ने बचने का प्रयास किया तो उसे आरोपियों ने भागते हुए घेरा और फिर ताबड़तोड़ हमला किया। उसे मरा समझ कर अपनी गाडिय़ों पर भाग गए।

मामले में जांच एसआई जसवंत सिंह की तरफ से की जा रही है। आरंभिक पड़ताल में पता लगा कि इनके बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई होगी। हमलावर सोमवार दोपहर तक हाथ नहीं लगे हैं।

एटीएम से छेड़छाड़

जोधपुर, (कासं)। शहर के माता का थान पुलिस थाना क्षेत्र भदवासिया में आए इंडियन बैंक के एक एटीएम में देर रात किसी शातिर ने चोरी की नीयत से छेड़छाड़ की। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है।

जानकारी के अनुसार माता का थान पुलिस थाना क्षेत्र भदवासिया में इंडियन बैंक का एटीएम है। देर रात यहां पर एक शातिर एटीएम पर आया और चोरी का प्रयास किया। उसके द्वारा एटीएम से छेड़छाड़ की गई। जानकारी पर पुलिस ने मौका मुआयना किया।

विक्रम सिंह का स्वागत किया

पाली, (नि.सं.)। पाली बार एसोसिएशन की ओर से हाल ही मे सम्पन्न हुए चुनावो मे रावणा राजपूत समाज के युवा विक्रम सिंह भैसाणा के कोषाध्यक्ष निर्वाचित होने पर सोसायटी नगर स्थित समाज भवन मे समाजबंधुओ द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम मे समाज के संरक्षक मूल सिंह भाटी ने कहा कि भैसाणा हमेशा निष्पक्ष व निर्भिक रहे है आगे भी वे तत्परता से कर्तव्य का पालन करेंगे। समाज जिलाध्यक्ष परमेन्द्र सिंह परिहार ने कहा कि भैसाणा आज के युवाओ के आदर्श है हमे उनसे काफी चीजे सीखने की जरूरत है। इस मौके पर रतन सिंह झाला, केशर सिंह मांगलिया, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, बाबू सिंह परिहार,बंशी सिंह सिसोदिया,ढगल सिंह चौहान, राजेन्द्र सिंह पंवार,मेघ सिंह पंवार, तेज सिंह चौहान,शंकर सिंह मेडतिया,मोहब्बत सिंह, नारायण सिंह गहलोत, ओम सिंह सोढा, महेन्द्र सिंह भाटी, विक्रम सिंह भाटी, बलवंत सिंह बडगुजर सहित कई जने मौजूद रहे।

छह साल के मासूम से परिचित ने गंदी हरकत की

जोधपुर, (कासं) । जिला पूर्व में नागौरी गेट थाना क्षेत्र में एक युवक ने छह साल के मासूम बच्चें से गंदी हरकत की। उसके नाना की तरफ से पुलिस में पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज कराया गया है। आरोपी हाथ नहीं लगा है। बच्चें का मेडिकल कराया गया है। घटना 10 दिसम्बर की बताई जाती है।

पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दी कि उसके घर पर एक युवक का आना जाना है और वह परिचित है। मोहल्ले में ही रहता है। 10 दिसम्बर को वह उसके घर पर आया था। तब उसने उसके छह साल के दोहिते के साथ गंदी हरकत की। बाद में बच्चे ने इस बारे में परिवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि रविवार को बच्चें के नाना थाने पर आए और केस दर्ज कराया।

कैडेटस लौटे

जालोर, (कासं)। स्थानीय वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जालोर के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट्स का दल दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में सहभागिता उपरांत महाविद्यालय लौटा। यह वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 4 राज इंडेप कंपनी, सिरोही के तत्वावधान में माधव विश्वविद्यालय, आबूरोड (जिला सिरोही) में आयोजित किया गया। महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी किशोर कुमार ने शिविर के अंतर्गत कैडेट्स के लिए एक दिवसीय माउंट आबू ट्रेकिंग कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

जालेरा खुर्द में नेत्र रोग शिविर में 262 लोगों की जांच

रानीवाड़ा, (नि.सं.)। उपखंड क्षेत्र के जालेरा खुर्द में सोमवार को सेवा और समर्पण की अनूठी मिसाल देखने को मिली। यहां स्थित राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित विशाल नि:शुल्क नेत्र रोग जांच शिविर में 262 ग्रामीणों की आंखों की जांच कर उन्हें परामर्श दिया गया।

यह शिविर श्री आदिनाथ फतेह ग्लोबल आई हॉस्पिटल, जिला अंधता निवारण समिति जालोर, शिव सांई सेवा समिति, रोटरी ग्राम दल आरसीसी मालवाड़ा और गर्ग समाज विकास संस्थान राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य सहयोगी के रूप में गर्ग समाज के प्रदेश संगठन मंत्री दिनेश कुमार गर्ग (भारत एंटरप्राइजेज) के परिवार ने अहम भूमिका निभाई।

महर्षि गर्गाचार्य के समक्ष दीप प्रज्वलन से शुभारंभ

शिविर का विधिवत शुभारंभ महर्षि गर्गाचार्य की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी मीठालाल गर्ग, भंवरलाल गर्ग और उकाराम गर्ग रहे। अध्यक्षता नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा वागेला, भाजपा एससी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दिनेश कुमार गर्ग और समाज सेवी मंगलसिंह दहिया ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्लोबल हॉस्पिटल के प्रवीण सिदल, पीईईओ दिनेश कुमार विश्नोई, प्रधानाध्यापक नवाराम देवासी सहित कई जने उपस्थित रहे।

शिविर आयोजक शिव सांई सेवा समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार खण्डेलवाल ने बताया कि शिविर में ग्लोबल अस्पताल नेत्र संस्थान आबूरोड की विशेषज्ञ टीम ने सेवाएं दीं। डॉ. नेहा वागेला के नेतृत्व में प्रवीण सिंदल, मेघा गोस्वामी, विष्णु जीनगर, रामलाल, हेमन्त कुमावत और हेमराज सिंह की टीम ने अत्याधुनिक मशीनों से 262 मरीजों की जांच की। जरूरतमंद रोगियों को नि:शुल्क आई ड्रॉप्स वितरित की गईं। जिन मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, उन्हें ग्लोबल आई हॉस्पिटल आबूरोड ले जाया गया, जहाँ फेको पद्धित (बिना चीरा) से उनका नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। मरीजों के आने-जाने की व्यवस्था भी नि:शुल्क रखी गई है।

नेत्र ज्योति जीवन का आधार : गर्ग

मुख्य अतिथि मीठालाल गर्ग ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानव जीवन में आंखों की रोशनी का होना अनिवार्य है, तभी हम जीवन का आनंद ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि परहित और सेवा कार्य ही सच्ची प्रभु भक्ति है। डॉ. नेहा वागेला ने ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के शिविरों को अंधकार से उजाले की ओर ले जाने वाला भागीरथी प्रयास बताया।

सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

भाजपा एससी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दिनेश गर्ग ने राजस्थान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में चलाई जा रही जन-कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम के अंत में भामाशाह दिनेश कुमार गर्ग परिवार द्वारा मेडिकल टीम को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच कर्मीराम देवासी, पूनमाराम देवासी, अशोक कुमार गर्ग, भीखाराम चौधरी, गोदाराम चौधरी, लक्ष्मण गर्ग, योग शिक्षक मोहनलाल सुथार, नरपत वागेला, शैलेंद्र शर्मा, सतीश गर्ग और प्राची खण्डेलवाल सहित ग्रामीण और समाज सेवी उपस्थित थे।

राज्य सरकार वंचित वर्ग के उत्थान कर रही : गर्ग

जालोर, (कासं)। राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ज़िले में आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम जालोर में सोमवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में विशेष योग्यजन स्कूटी एवं नि:शुल्क उपकरण वितरण समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि राज्य सरकार सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय के मूल मंत्र को आत्मसात् करते हुए वंचित वर्ग के लोगों के उत्थान हेतु निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि विगत दो वर्षों में राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं गतिविधियों के माध्यम से आमजन के जीवन को सुगम बनाया हैं। उन्होंने कहा कि आगामी तीन वर्षों में राज्य सरकार पंक्ति के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को सशक्त बनाने हेतु कार्य करेगी। वही राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने स्टेडियम परिसर में मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना के अंतर्गत कुल 60 दिव्यांगजन को थ्री-व्हीलर स्कूटी व अन्य सहायक उपकरणों का वितरण किया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों ने स्कूटी मिलने की खुशी में राज्य सरकार का आभार जताया।

जसराज राजपुरोहित, गजेंद्र सिसोदिया, रवि सोलंकी, मुकेश राजपुरोहित, दिनेश महावर, सुरेश सोलंकी, उत्तम गर्ग, नाथू सिंह तीखी, भंवर सिंह आंवलोज, हीराराम देवासी, कैलाश कुमार, दिलीप कुमार, सुनील कुमार, राणाराम, दलपत, दिनेश कुमार, महेश कुमार, नितेश कुमार, लक्ष्मण सिंह, हीरालाल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक भगवानाराम चौधरी आदि उपस्थित रहे।

प्रदर्शनी आज

16 दिसम्बर को प्रात: 10.30 बजे राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग द्वारा नगर परिषद सभागार जालोर में 3 दिवसीय विकास प्रदर्शनी का शुभारम्भ व जिला विकास पुस्तिका का विमोचन किया जायेगा। कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि विकास प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के गत दो वर्षों में हुए विकास कार्यों व उपलब्धियों को दिखाया जायेगा।

आम सूचना छगन लाल पुत्र थानाजी माली, निवासी मण्डवारिया जिला सिरोही का एक आवासीय खरीदशुदा, कब्जाशुदा, मालिकाना हक का रहवासीय मकान प्लॉट संख्या 65 असल पट्टा संख्या 05(1982) कुल क्षेत्रफल 1350 वर्गफीट ग्राम मण्डवारिया में आया हुआ है, जिसका असल पट्टा संख्या 05(1982) ग्राम पंचायत मण्डवारिया द्वारा रूप सिंह पुत्र पन्ने सिंह राजपूत के पक्ष में जारी किया गया तथा रूप सिंह ने उक्त सम्पूर्ण सम्पत्ति का बेचान दिनांक 13.09.1982 को रावतमल पुत्र नवाजी पुरोहित निवासी मण्डवारिया को कर दिया जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय सिरोही में क्रम संख्या 491/1982 पर किया गया एवं रावतमल ने उपरोक्त सम्पूर्ण भूखण्ड का असल बेचाननामा छगनलाल के पक्ष में दिनांक 30.12.1997 को निष्पादित कर पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय सिरोही में क्रम संख्या 1191/97 पर पंजीबद्ध किया गया। उपरोक्त दस्तावेज श्रखंला में से असल पट्टा संख्या 05(1982) एवं असल बेचाननामा दिनांक 13.09.1982 दस्तावेज क्रम संख्या 491/1982 छगनलाल से कहीं गुम हो गया जिसकी गुमशुदगी संख्या 2986729/2025 दिनांक 13.12.2025 को पुलिस विभाग में दर्ज करवा दी गई है। उपरोक्त संपत्ति पर इण्डिया शेल्टर फायनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड शाखा सिरोही से छगनलाल द्वारा ऋण लिया जाना प्रस्तावित है। अतः अरिए इस हर आम व खास के सूचित किया जाता है कि यदि असल पट्टा संख्या 05(1982) एवं असल बेचाननामा दिनांक 13.09.1982 दस्तावेज क्रम संख्या 491/1982 के किसी को प्राप्त होते हैं तो उसे अधोहस्ताक्षरकर्ता को लौटाने का श्रम करावें तथा यदि उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति वगैरह हो तो उसे भी अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष तीन दिन के भीतर दर्ज करावें। अन्यथा बाद म्याद गुजरने कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं संबंधित कार्यवाही की जायेगी सो सूचित रहे।
ईति दिनांक-14.12.2025 **अभिनव सुथार, अधिवक्ता**
आर/1443/2005, वर्धमान कॉलोनी, आहोर, तहसील आहोर, जिला, जालोर, (राज.) मो.नं. 9799152119

कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

"शहरी समस्या समाधान शिविर-2025"

आप सभी सादर आमंत्रित है।

दिनांक 16 दिसम्बर, 2025 से 24 दिसम्बर, 2025 तक (दिनांक 21.12.2025 रविवार को छोड़कर)

दिनांक	जोन	ग्राम पंचायत / ग्राम का नाम
16-12-2025	1 से 6	जोन 1,2,3,4,5 एवं 6 का सम्पूर्ण जोन क्षेत्र
17-12-2025	01	नान्दड़ी, नान्दड़ा कलां, उघिरायड़ा, नान्दड़ा खुर्द, बासनी बैन्दा, कांकेलाव, जालैली चम्पावता
	02	झालामण्ड, विनायकिया, धीगाणा, राजनगर एवं विवेक विहार योजना
	03	सांगरिया
	04	चौखा, चौपासनी (नगर निगम क्षेत्रों को छोड़कर)
	05	बागा, केरू, बैरू
	06	खोखरिया एवं गुजरावास खुर्द
18-12-2025	01	डिगाड़ी, जाजीवाल विश्नाईयां, सोढ़ेर की ढ़ाणी, बावरला, दांतीवाड़ा, बासनी चारणा, बिसलपुर
	02	ढण्ढ, खाराबेरा, खेजड़ली, पेशावास एवं विवेक विहार योजना
	03	पाल, धिनाणा की ढ़ाणी
	04	बोरानाड़ा (ग्राम गंगाणा)
	05	बिजवाडीया, मथानिया, भैसेर कोटवाली
	06	मण्डोर
19-12-2025	01	बनाड़, मोरटूका, पिथावास, जाटियावास, डोलिया, अलकदड़ा
	02	कुड़ी भगतासनी, धांधिया, किशनपुरा, कांकाणी एवं विवेक विहार योजना
	03	सर, सरेचा, सिनली, खारडा भाण्डू, हमीर नगर
	04	नारनाडी, धवां प्रथम
	05	चौपासनी चारणान्, रामपुरा भाटियान, माणकलाव
	06	बासनी तम्बोलिया एवं बासनी मालियान
20-12-2025	01	श्रीयादे गांव, बावरला, जालेली फौजदारा बासनी निकुम्बा
	02	बासनी चौहाना, राजेश्वर नगर, शिकारपुरा, डोली कांकाणी एवं विवेक विहार योजना
	03	भाण्डू खुर्द, लूणावास कलां
	04	लोरडी देजगरा, जोलियाली, जानादेसर
	05	पोपावास, जोलियाली, भाटेलाई
	06	पूंजला
22-12-2025	01	डिगाड़ी, जाजीवाल विश्नाईयां, सोढ़ेर की ढ़ाणी, बावरला, आकथली, दांतीवाड़ा, बासनी चारणा, बिसलपुर
	02	बासनी बाघेला, भाकरासनी, देव नगर, राजपुरिया, श्री राजेश्वर नगर, सेवालानगर एवं विवेक विहार योजना
	03	रोहिया कलां, रोहिया खुर्द, फिच
	04	झंवर, चिचड़ली
	05	नारवा, इन्दोका, तिंवरी
	06	भदवासिया एवं जोधपुर
23-12-2025	01	नान्दड़ी, नान्दड़ा कलां, उघिरायड़ा, नान्दड़ा खुर्द, बासनी बैन्दा, कांकेलाव, जालैली चम्पावतां
	02	झालामण्ड, मोगड़ाकलां, मोगड़ाखुर्द, बाणियावास एवं विवेक विहार योजना
	03	सालावास तनावड़ा, नन्दवान
	04	लूणावास कलां, आगोलाई (केवल ग्राम टिकमगढ़), भाटेलाई पुरोहितान, (केवल ग्राम भा. पुरोहितान, भा. चारणान एवं मुण्डसर)
	05	बालरवा, मालूंगा, आगोलाई
	06	चैनपुरा
24-12-2025	01	बनाड़, मोरटूका, पिथावास, जाटियावास, डोलिया, कुकण्डा, देवलिया, अलकदड़ा
	02	ढण्ढ, गुड़ाविश्नोईयां, मोडी जोशियां, पेशावास, मोडी सोधरा, श्री जम्भेश्वर नगर एवं विवेक विहार योजना
	03	बोरानाड़ा, हीर खेड़ा सतलाना, कालीजाल
	04	भाण्डू कलां (केवल ग्राम जाटियासनी, रोहिला भांडू, कटारडा), धवां प्रथम
	05	बावरली, सन्तोडा खुर्द, चौखा